31 अगस्त करेंट अफेयर्स

महत्वपूर्ण दिवस: 31 अगस्त

1. **विश्व संस्कृत दिवस:** प्राचीन संस्कृत भाषा के महत्व को चिह्नित करने के लिए प्रतिवर्ष श्रावण पूर्णिमा (पूर्णिमा) के दिन विश्व संस्कृत दिवस मनाया जाता है। संस्कृत भारत की एक प्राचीन पवित्र भाषा है और ऋग्वेद जैसी कई पवित्र पुस्तकें इसी भाषा में लिखी गई थीं।
2. **अफ्रीकी मूल के लोगों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस:** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिन की स्थापना समाज के विकास के लिए अफ्रीकी मूल के लोगों की विविध विरासत, संस्कृति और योगदान के लिए अधिक मान्यता और सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की थी।

✓ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर पहला वैश्विक सम्मेलन इस साल कब भारत में आयोजित किया जाएगा? -- **अक्टूबर में**

✓ **सिविल पेंशन संवितरण** (Civil Pension Disbursement) के लिए किस बैंक को आरबीआई द्वारा अधिकृत किया गया? -- **बंधन बैंक**

✓ हाल ही में चन्द्रयान-3 के प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर किस तत्व की उपस्थिति की पुष्टि की? -- **सल्फर (S) अर्थात गंधक**

✓ हाल ही में किस देश ने अपने संविधान में देश के मूल निवासियों को मान्यता देने के एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय जनमत संग्रह कराने की पूरी तैयारी की? -- **ऑस्ट्रेलिया**

- यहाँ 14 अक्टूबर को आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट में रहने वाले लोगों के लिए एक नया सलाहकार निकाय स्थापित करने के लिए संविधान में संशोधन को लेकर मतदान करेंगे।
- "**वॉयस टू पार्लियामेंट**" नामक इस ऐतिहासिक जनमत संग्रह को मंजूरी मिलने से देश के संविधान में आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट में रहने वाले लोगों को मान्यता मिलेगी।

परीक्षा तैयारी

✓ किस शहर ने वर्ष 2022 के लिए इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड के तहत पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय स्मार्ट सिटी पुरस्कार जीता है? -- **नागालैंड की राजधानी कोहिमा** ने

✓ किस नाम से **असम** के सबसे लंबे फ्लाईओवर का उद्घाटन किया गया? -- **नीलाचल** (Nilachal Flyover)

- असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने **2.63 किलोमीटर** लंबे राज्य के सबसे लंबे फ्लाईओवर नीलाचल फ्लाईओवर का अनावरण किया
- यह गुवाहाटी में **मालीगांव चारियाली को कामाख्या गेट** से जोड़ता है

✓ '**State of India's Birds**' रिपोर्ट के अनुसार, कितनी प्रजातियों की पहचान उच्च संरक्षण चिंता (high conservation concern) के रूप में की गई थी? -- **178**

✓ 2023 में किस देश के प्रधानमंत्री को ग्रीस द्वारा '**Grand Cross of the Order of Honour**' से सम्मानित किया गया? -- **भारत**

✓ हाल ही में किस बैंक ने **शून्य घरेलू लेनदेन शुल्क** के साथ '**इन्फिनिटी सेविंग अकाउंट**' पेश किया? -- **एक्सिस बैंक**

✓ हाल ही में किस देश ने सरकारी स्कूलों में कुछ मुस्लिम महिलाओं द्वारा पहने जाने वाले पूर्ण लंबाई के वस्त्र '**अबाया**' के पहनने पर प्रतिबंध लगाया? -- **फ्रांस ने**

- यह प्रतिबंध फ्रांस की सख्त धर्मनिरपेक्षता नीति, "**लाइसाइट**" का हिस्सा है, जो देश में एक संवेदनशील और राजनीतिक रूप से तनावपूर्ण विषय रहा है।

✓ हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए **पांच फ्लीट सपोर्ट** जहाजों के लिए किस कंपनी के साथ **19,000 करोड़** के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए? -- **हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड**

✓ फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप के संस्थापक का क्या नाम है, जिन्होंने **ताइवान** में राष्ट्रपति का चुनाव लड़ने की घोषणा की? -- **टेरी गौ (Terry Gou)**

✓ पाकिस्तान में भारत की पहली महिला प्रभारी- **Charge d' Affaires** कौन बनेंगी? -- **गीतिका श्रीवास्तव**

✓ 26 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित मिस डिवाइन ब्यूटी 2023 राष्ट्रीय फाइनल के दौरान किसने **'मिस अर्थ इंडिया 2023'** का खिताब जीता? -- **प्रियान सेन**

✓ ACME Group और टाटा स्टील, किस राज्य के **गोपालपुर औद्योगिक पार्क** में **भारत की सबसे बड़ी हरित हाइड्रोजन परियोजना** पर सहयोग कर रहे हैं? -- **ओडिशा**

- 27,000 करोड़ रुपये की इस पहल का लक्ष्य हरित अमोनिया सुविधा स्थापित करना है।

परीक्षा तैयारी